श्रीलंका के लिये पेट्रोल का संभरण

7057. श्री रामावतार शर्मा :
श्री आत्म दास :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री महन्त दिग्विजय नाथ :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री श्रो० प्र० त्यागी :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्रीलंका का विचार भारत से पेट्रोल का आयात करने का है;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस सम्बन्ध में बातचीत करने के लिये श्रीलंका के तेल निगम के अध्यक्ष भारत आये हैं;

(ग) यदि हां, तो क्या भारत सरकार ने इस सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय कर लिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन, योजना तथा समाज कल्याण मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री रघुरमैया): (क) से (ग). जी हां ।

(घ) सितम्बर, 1967 तक मैसर्स सीलोन पेट्रोलियम कारपोरेशन इण्डियन आयल कारपोरेशन से लगभग 15,000 टन पेट्रोल तथा 30,000 टन हाई स्पीड डीजल तेल खरीदेगा ।

चीन से लौंग और दालचीनी का तस्कर व्यापार

7058. डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री ओ० प्र० त्यागी :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री रामावतार शर्मा :
श्री आत्म दास :
श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री शिव कुमार शास्त्री :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि चीन से लौंग और दालचीनी बड़े पैमाने पर भारत में चोरी छिपे लाई जा रही है ;

(ख) क्या सरकार ने इस का पता लगाने के लिए कोई कार्यवाही की है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) चीन में पैदा की गई दालचीनी का कुछ चोरी छिपे लाने का काम पूर्व पाकिस्तान के रास्ते सीमा क्षेत्रों में तथा समुद्री रास्ते पश्चिमी तट पर हुआ है । जनवरी, 1966 से मार्च, 1967 की अवधि में लगभग 21,000 किलोग्राम दालचीनी पकड़ी गई थी, जिस माल के बारे में चीन का होने का संदेह है । जहां तक सरकार की जानकारी है, चीन में पैदा किये गये लौंग भारत में चोरी छिपे नहीं लाये जाते हैं ।

(ख) और (ग). विभिन्न स्थानों पर तैनात सीमा शुल्क अधिकारियों को आगाह कर दिया गया है । गुप्त सूचना इकट्ठी करने के लिए मुख्य-मुख्य मंडियों पर भी निगरानी रखी जा रही है ।